# निवेश मित्र पोर्टल 3.0

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के निवेश मित्र पोर्टल 3.0 **प्रक्रियात्मक विलंब** तथा लालफीताशाही को कम करके व्यापार करने में **सुगमता** को बढ़ाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

## मुख्य बिंदु

- **निवेश मित्र 3.0 के बारे में:**
  - **निवेश मित्र 3.0** एक **उन्नत, डिजिटल सिंगल-विंडो प्लेटफॉर्म** है जिसे **उत्तर प्रदेश सरकार** द्वारा **निवेश प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित** करने, **अनुमोदन में तीव्रता** लाने और **एकीकरण, स्वचालन** तथा AI-संचालित उपकरणों के माध्यम से व्यापार सुगमता बढ़ाने के लिये लॉन्च किया गया है।
- **विशेषताएँ:**
  - **एकीकृत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र:** यह केंद्र और राज्य सरकार के पोर्टलों के साथ बेहतर **अंतर-संचालन** प्रदान करता है तथा सभी विभागों में निवेशक सेवाओं के लिये एक **समन्वित और एकीकृत इंटरफेस** उपलब्ध कराता है।
  - **संशोधित सामान्य आवेदन प्रपत्र (CAF):** गतिशील आवेदन प्रपत्र अब **कई भाषाओं** में उपलब्ध है और **उपयोगकर्त्ता प्रोफाइल** के अनुकूल है, जिससे निवेशकों के लिये आवश्यक अनुमोदनों की पहचान करना तथा कुशलतापूर्वक आवेदन करना आसान हो जाता है।
  - **GIS-सक्षम भूमि बैंक:** निवेशक भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) प्रौद्योगिकी का उपयोग करके केंद्रीकृत, वास्तविक समय भूमि डाटा तक पहुँच सकते हैं, जिससे कुशल भूमि चयन और नोडल एजेंसियों के साथ सहयोग संभव हो सकेगा।
  - **स्मार्ट डैशबोर्ड और रियल-टाइम एनालिटिक्स:** यह पोर्टल ज़िलावार **KPI रैंकिंग,** औद्योगिक पार्क रेटिंग और कार्रवाई योग्य जानकारी प्रदान करता है, जिससे निवेशकों तथा प्रशासन दोनों को प्रगति की निगरानी एवं निर्णय लेने में सहायता मिलती है।
  - **AI-संचालित बहुभाषी चैटबॉट:** कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित चैटबॉट त्वरित, बहुभाषी समर्थन और **शिकायत निवारण** प्रदान करते हैं, जिससे **प्रतिक्रिया समय** एवं **उपयोगकर्त्ता अनुभव** में काफी सुधार होता है।
  - **उन्नत शिकायत निवारण:** संपूर्ण शिकायत और फीडबैक प्रक्रिया स्वचालित है तथा पारदर्शिता तथा**तीव्र समाधान** के लिये **डिजिटल चैनलों** के माध्यम से संचालित की जाती है।
  - **सेवा वितरण समयसीमा में कमी:** इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य सेवा वितरण की समय सीमा में 30–50% तक की कटौती करना, **प्रक्रियागत देरी को न्यूनतम** करना तथा **भौतिक दस्तावेज़ीकरण** और **सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने** की आवश्यकता को कम करना है।
  - **अनुपालन में कमी और विनियमन में ढील:** 45 विभागों में 4,600 से अधिक सुधारों को एकीकृत करके, जिसमें **फॉर्मों का सरलीकरण** और **कानूनी आवश्यकताओं का विनियमन** शामिल है, **निवेश मित्र 3.0** का लक्ष्य एक अधिक **व्यापार-अनुकूल वातावरण** बनाना है।
  - **व्यापक विभागीय कवरेज:** यह प्रणाली श्रम, अग्निशमन, आवास, शहरी नियोजन और पर्यावरण मंजूरी सहित 44 से अधिक विभागों की **525 से अधिक सेवाओं** को कवर करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nivesh-mitra-portal-3-0